ESTER
INDUSTRIES LTD.
CIN : L24111UR1985PLC015063

DNV

**Date:** 26th May, 2023

| **BSE Limited (BSE)**<br>Department of Corporate services<br>Phirojee Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street, Mumbai – 400023 | **National Stock Exchange of India Limited (NSE)**<br>Exchange Plaza,<br>Plot no. C/1, G Block,<br>Bandra-Kurla Complex,<br>Bandra (E), Mumbai – 400051 |
|---|---|
| **Scrip Code: 500136** | **Symbol: ESTER** |

Dear Sir/Madam,

**Subject: Newspaper advertisement regarding dispatch of Postal Ballot Notice**

Pursuant to Regulation 30 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the copies of the newspaper advertisement regarding electronic dispatch of Postal Ballot Notice, published on Friday, 26th May, 2023 in the following newspapers:

1. Nazariya Khabar
2. Financial Express

Please take the same on your record.

Thanking You

Yours Faithfully

For **Ester Industries Limited**

ESTER INDUSTRIES LTD. Block-A Plot No-11 Infocity-1, Sector-33 & 34 Gurgaon 122001 Haryana

**Pradeep Kumar Rustagi**
**Executive Director- Corporate Affairs**
**DIN- 00879345**

Encl: As above

**Ester Industries Limited**
**Corporate Ofiice** : Block-A, Plot No. 11, Infocity-I, Sector-34, Gurgaon - 122001 Haryana, India
**Phone :** +91-124-2656100, 4572100 **Fax :** +91-124-4572199, 2656199 **E-Mail :** info@ester.in **Website :** www.esterindustries.com

**Regd. Office & Works** : Sohan Nagar, P. O. Charubeta, Khatima - 262308 Distt. Udham Singh Nagar, Uttarakhand
**Phone : EPABX No.** (05943) 250153-57 **Fax No.:** (05943) 250158

# उत्तराखंड बोर्ड : 10वीं में 85.17 व 12वीं में 80.98 फीसदी रहा परीक्षाफल

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत की मौजूदगी में उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परिषदीय परीक्षा–2023 के तहत हाईस्कूल का कुल परीक्षाफल 85.17 प्रतिशत जबकि इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 80.98 प्रतिशत रहा।

विभागीय मंत्री डा. रावत ने बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुये उन्हें बेहतर भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन और समय पर परीक्षाफल जारी करने के लिये विभागीय अधिकारियों एवं शिक्षकों की पीठ थपथपाई, साथ ही उन्होंने अगले वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल को घोषित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने आज माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, देहरादून में विद्यालयी शिक्षा बोर्ड की परिषदीय परिक्षाओं का परीक्षाफल जारी किया। उन्होंने बताया कि इस

## कहा, अगले वर्ष 30 अप्रैल को घोषित किया जायेगा परीक्षा परिणाम

वर्ष 10वीं व 12वीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षाफल बेहतर रहा है। हाईस्कूल में जहां कुल परीक्षाफल 85.17 फीसदी रहा वहीं इंटरमीडिए में 80.98 फीसदी रहा। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 81.48 व बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.94 है। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 78.48 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 83.49 रहा है। बोर्ड परीक्षाओं में बालिकाओं के बेहतर प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुये डा. रावत ने कहा कि लड़कियां अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है जोकि महिला सशक्तिकरण की दिशा में शुभ संकेत हैं। विभागीय मंत्री ने बताया कि हाईस्कूल में इस वर्ष 1 लाख 27 हजार 844 छात्र–छात्राओं ने परीक्षा दी जिनमें एक लाख 8 हजार 890 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये। जिसमें संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण




उत्तराखंड बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित करते शिक्षा मंत्री।

प्रतिशत 85.58 जबकि व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 56.16 रहा है। ऐसे ही इंटरमीडिएट की परीक्षा में 1 लाख 23 हजार 945 परीक्षार्थी सम्मिलित हुये जिनमें से एक लाख 380 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये। इसमें संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 81.46 तथा व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 64.28 रहा। डा. रावत ने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण व प्रदेश की संयुक्त श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र–छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में फेल होने वाले छात्र–छात्राओं को दोबारा कड़ी मेहनत कर अच्छे अंकों से पास होने लिये प्रोत्साहित किया। विभागीय मंत्री डा. रावत ने बोर्ड परीक्षा के सुचारू संचालन एवं परीक्षाफल निर्माण में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालयी शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि कोविड महामारी से उपजी विषम परिस्थितियों के बाद भी बोर्ड परीक्षा में बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इस दौरान अपर निदेशक माध्यमिक महावीर सिंह बिष्ट, अपर परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा डा. मुकुल सती सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे जबकि सचिव उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर डा0 नीता तिवारी एवं अन्य अधिकारियों ने रामनगर से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि अगले वर्ष बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट 30 अप्रैल को घोषित किया जायेगा। इसके लिये उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अभी से तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालयी शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों को मूल्यांकन की अवधि कम करने व परीक्षा संबंधी कार्यों में अधिक कार्मियों की ड्यूटी लगाने को कहा, साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को एक माह के भीतर परीक्षा आयोजन को लेकर कैलेंडर तैयार कर अनुमोदन लेने को कहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि 10वीं व 12वीं कक्षाओं के बोर्ड रिजल्ट समय पर जारी किये जाये, ताकि छात्र–छात्राओं को देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों में एडमिशन लेने में परेशानी न हो।

# शिव मंदिर में चोरी की कोशिश, बदमाशों ने की मूर्तियां खंडित

नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)। नगर की लोअर मालरोड के समीप स्थित शिव मंदिर में चोरी की कोशिश की गई है। चोरी की कोशिश के दौरान बदमाशों ने मूर्तियां खंडित की हैं। मंदिर के पुजारी व नाव चलकों ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की गई है।

मंदिर के पुजारी व नाव मालिक समिति के पदाधिकारियों ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि लोअर मालरोड के समीप बोड स्टैंड में शिव मंदिर के दानपात्र को तोडने की कोशिश की गई है। उनका कहना है कि मंदिर में पहले भी चोरी की घटना हो चुकी है। मंदिर के पुजारी नवीन



खंडित की गई मूर्ति।

चन्द्र जोशी ने बताया कि मल्लीताल निवासी युवक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में मूर्ति खंडित करते नजर आ रहा है। बताया कि मंदिर की तीन मूर्तियां तोड़ी गई हैं। उन्होंने पुलिस से चोरी करने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इधर कोतवाल धर्मवीर सोलंकी ने बताया कि मामले में सीसीटीवी फुटेज के अनुसार युवक की तलाश की जा रही है।

## सुरकंडा देवी मंदिर में मां भगवती जागरण 29 मई को

देहरादून। नमस्कार देवभूमि सेवा संघ दिल्ली की ओर से टिहरी जिले में स्थित प्रसिद्ध सिद्ध शक्तिपीठ सुरकंडा देवी मंदिर में 29 व 30 मई को मां भगवती का जागरण का आयोजन किया जाएगा। 29 मई को सायं 7 बजे भंडारे का आयोजन होगा।

रात्रि 8 बजे ज्योति प्रज्वलित की जाएगी व जागरण का शुभारंभ होगा। 30 मई को प्रातः 5 बजे प्रसाद वितरण होगा। जागरण का आयोजन पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस कद्दूखाल में होगा। महामाई का गुणगान मुकेश कठैत एंड पार्टी द्वारा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नमस्कार देवभूमि सेवा संघ दिल्ली की ओर से हर वर्ष सुरकंडा देवी मंदिर में मां भगवती जागरण का आयोजन किया जाता है।

# मुख्य सचिव ने सहायता योजना के तहत दिए जाने वाले फंड की समीक्षा की

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने गुरुवार को सचिवालय में भारत सरकार द्वारा पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत दिए जाने वाले फंड की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने पीएम गतिशक्ति उत्तराखण्ड पोर्टल के माध्यम से योजनाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2022–23 के कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) शीघ्र जमा किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागों द्वारा जो भी कार्य किए



समीक्षा बैठक लेते मुख्य सचिव।

जा रहे हैं, उनकी प्रगति को लगातार पोर्टल पर अपलोड किया जाए। मुख्य सचिव ने वर्ष 2023–24 के लिए भी शीघ्र प्रस्ताव, डीपीआर आदि समय पर जमा कराए जाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के अन्तर्गत कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाने के लिए लगातार योजनाओं का अनुश्रवण किया जाए। कार्यों के विभिन्न चरणों के लिए समय सीमा निर्धारित की जाए। उन्होंने कहा कि जो कार्य हो चुके हैं, उनके उपयोगिता प्रमाण पत्र अवश्य अपलोड किए जाएं।

**ESTER**
**INDUSTRIES LTD.**

**CIN: L24111UR1985PLC015063**

**पंजीकृत कार्यालयः** सोहन नगर, पी.ओ. चारूबेटा, खटीमा – 262308, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड, **फोनः** (05943) 250153-57 **फैक्सः** (05943) 250158
**कॉर्पोरेट कार्यालयः** प्लॉट नं. 11, ब्लॉक–ए, इंफोसिटी–1, सैक्टर–34, गुड़गांव–122001, हरियाणा, **फोनः** (0124) 4572100, **फैक्सः** (0124) 4572199
**वेबसाइटः** www.esterindustries.com, **ईमेलः** investor@ester.in

**पोस्टल बैलेट की सूचना और ई–वोटिंग जानकारी**

एस्टर इंडस्ट्रीज लिमिटेड (''कंपनी'') के सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') की धारा 110 और अन्य लागू प्रावधान, यदि कोई हो, के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 एवं 22, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 22/2020 दिनांक 15 जून, 2020, 33/2020 दिनांक 28 सितम्बर, 2020, 39/2020 दिनांक 31 दिसम्बर, 2020, 10/2021 दिनांक 23 जून, 2021, 20/2021 दिनांक 8 दिसम्बर, 2021, 3/2022 दिनांक 5 मई, 2022 और 11/2022 दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 (''एमसीए परिपत्र''), भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी आम बैठकों पर सचिवीय मानक (''एसएस–2''), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 (''सेबी एलओडीआर'') एवं अधिनियम के सभी अन्य लागू प्रावधानों उस पर जारी किए गए अधिनियम, कानून, परिपत्र, अधिसूचना एवं विनियम (समय–समय पर उस पर जारी कोई सांविधिक संशोधन या सुधार या पुनःअधिनियमन सहित) के प्रावधानों के अनुसरण में निम्नलिखित विशेष व्यवसाय के लिए इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (रिमोट ई–वोटिंग) के माध्यम से डाक मतपत्र द्वारा कंपनी के सदस्यों का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए सूचना भेजी गई हैः

1. श्री अरविन्द सिंघानिया को कंपनी के प्रबंध निदेशक के रूप में पुनः नियुक्त करना।
2. श्री प्रदीप कुमार रूस्तगी को कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त करना।

कंपनी ने उपरोक्त वर्णित डाक मतपत्र सूचना उन सदस्यों को भेजने का कार्य बृहस्पतिवार, 25 मई, 2023 को पूरा कर लिया है जिनके नाम शुक्रवार, 19 मई, 2023 (कट–ऑफ तिथि) को सदस्यों के रजिस्टर/डिपॉजिटरीज तैयार किए गए लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में शामिल हैं और जिन्होंने कंपनी/रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए')/डिपॉजिटरी प्रतिभागी(यों) के पास अपना ई–मेल पता पंजीकृत किया है। डाक मतपत्र फार्म और पूर्व–भुग्तेय व्यवसाय उत्तर लिफाफे के साथ सूचना की भौतिक प्रतियां एमसीए परिपत्रों में दी गई छूट के अनुपालन में इस डाक मतपत्र के साथ सदस्यों को नहीं भेजी जा रही हैं।

सूचना कंपनी की वेबसाइट www.esterindustries.com, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट यानी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड क्रमशः www.bseindia.com एवं www.nseindia.com और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

कंपनी अपने सदस्यों को एनएसडीएल द्वारा प्रदान की गई ई–वोटिंग सेवाओं के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक पद्धति द्वारा अपना वोट देने की सुविधा प्रदान करती है। ई–वोटिंग के लिए विस्तृत दिशानिर्देश सूचना में दिये गये हैं।

रिमोट ई–वोटिंग निम्नलिखित अवधि के दौरान उपलब्ध होगीः

| | |
|---|---|
| **ई–वोटिंग प्रारंभ** | **शनिवार, 27 मई, 2023 को प्रातः 9.00 बजे (आईएसटी)** |
| **ई–वोटिंग समाप्त** | **रविवार, 25 जून, 2023 को सायं 5.00 बजे (आईएसटी)** |

इसके बाद एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूटल हटा दिया जाएगा। इस अवधि के दौरान **शुक्रवार, 19 मई, 2023 (कट–ऑफ तिथि)** को चाहे भौतिक प्रारूप या डिमेटिरियलाइज्ड प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यगण ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट दे सकते हैं।

सदस्य द्वारा एक बार प्रस्ताव पर वोट देने के बाद सदस्य को बाद में उसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सदस्यों का वोटिंग अधिकार कट–ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार, 19 मई, 2023 को कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी के उनके शेयर के आनुपातिक होगा। ऐसा व्यक्ति जो कट–ऑफ तिथि को सदस्य नहीं है, वह इसे केवल सूचना का प्रयोजन मात्र समझे।

कंपनी के निदेशक मंडल ने डाक मतपत्र प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए श्री आकाश जैन, पेशेवर कंपनी सचिव को संवीक्षक के रूप मे नियुक्त किया है।

संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से आयोजित वोटिंग का परिणाम डाक मतपत्र की समाप्ति के दो (2) दिनों के भीतर अर्थात् मंगलवार, 27 जून, 2023 को या उससे पूर्व घोषित किया जाएगा और इसकी सूचना एनएसई एवं बीएसई को भी दी जाएगी और इसे कंपनी एवं एनएसडीएल की वेबसाइट क्रमशः www.esterindustries.com एवं www.evoting.nsdl.com पर भी प्रकाशित किया जाएगा।

ई–वोटिंग या डाक मतपत्र के संबंध में किसी भी प्रकार की पूछताछ करने या परेशानी होने पर आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सैक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (''एफएक्यू'') और ई–वोटिंग मैनुअल का अवलोकन कर सकते हैं या 022-4886 7000 एवं 022-2499 7000 पर कॉल कर सकते हैं या सुश्री पल्लवी महात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, एनएसडीएल के पास evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं। इसके अलावा सदस्यगण मैसर्स मास सर्विसेज लिमिटेड, कंपनी के आरटीए, टी–34, दूसरा तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–2, नई दिल्ली–110020, फोनः 011 26387281/82/83, फैक्सः 011 26387384 या ई–मेल investor@masserv.com पर संपर्क कर सकते हैं।

कृते **एस्टर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**हस्ता./–**
**प्रदीप कुमार रूस्तगी**
**कार्यकारी निदेशक–कॉर्पोरेट मामले**

**स्थानः गुरूग्राम**
**दिनांकः 25 मई, 2023**

